8

संख्या 1508 पी/छः–पु–6–13–300(9)/05

प्रेषक,

सुशील कुमार पाण्डेय,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,
उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय,
इलाहाबाद।

गृह (पुलिस) अनुभाग–6 — लखनऊः दिनांक 05 अगस्त, 2013

विषयः–जनपद आगरा के थाना चित्राहाट के अन्तर्गत रिपोर्टिंग पुलिस चौकी कचौराघाट हेतु स्वीकृत अस्थायी पदों को स्थायी किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या 3क–90–15–आर–2005, दिनांक 2–7–2013 के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्यपाल महोदय जनपद आगरा के थाना चित्राहाट के अन्तर्गत रिपोर्टिंग पुलिस चौकी कचौराघाट हेतु उप निरीक्षक–02, मुख्य आरक्षी–04, सहायक परिचालक–02 कुल 08 (संलग्नक में उल्लिखित) अस्थायी पदों को दिनांक 05 अगस्त, 2013 से स्थायी पदों में परिवर्तित किये जाने की स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– उक्त पदों के पदधारकों को शासन द्वारा समय–समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार मंहगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते, जो उन्हें अनुमन्य हो, भी देय होगें।

3– मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि उक्त स्थायी पदों के दिनांक 05 अगस्त, 2013 से स्थायी पदों में परिवर्तित हो जाने के फलस्वरूप संलग्नक के कालम–6 में उल्लिखित शासनादेश संख्या 391 पी/छः–पु–6–2013–300(9)/05, दिनांक 27 फरवरी 2013 को, जिसमें इन पदों को वर्ष 2013 में दिनांक 28–2–2014 तक अस्थायी रूप से चलते रहने की स्वीकृति प्रदान की गयी थी, इस सीमा तक संशोधित माना जायेगा कि उक्त पद की निरन्तरता केवल दिनांक 05 अगस्त, 2013 के लिए ही दी गयी थी।

4– उपर्युक्त पद पर होने वाला व्यय आय–व्ययक के अनुदान संख्या–26 गृह (पुलिस) विभाग के अधीन लेखाशीर्षक "2055–पुलिस आयोजनेत्तर–109–जिला पुलिस–03–जिला पुलिस (मुख्य)" के अन्तर्गत सुसंगत प्राथमिक इकाईयों के नामें डाला जायेगा।

5– प्रमाणित किया जाता है कि इन पदों का स्थायीकरण कार्यालय ज्ञाप संख्या ए–2–797/दस–87–24(12)–86, दिनांक 25 मई, 1987 में निहित सभी शर्तो की पूर्ति के बाद किया जा रहा है।

संलग्नक :–यथोपरि।

भवदीय,

(सुशील कुमार पाण्डेय)
उप सचिव।

अपर पुलिस महानिदेशक
उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय
इलाहाबाद

GO Regular Becanci 2013

<u>संख्या 1508 (1) पी/छः–पु–6–13 तद्‌दिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2– वित्त (व्यय–नियंत्रण) अनुभाग–12
3– वित्त (वेतन–आयोग) अनुभाग–1/2
4– गार्ड पत्रावली।

आज्ञा से,

( सुशील कुमार पाण्डेय )
उप सचिव।

# संलग्नक

शासनादेश संख्या 1508 पी/छः–पु–6–13–300(9)/05, दिनांक 05 अगस्त, 2013 से स्थायी किये गये पदों का विवरण :–

| क0 सं0 | पदनाम | स्थाई किये जाने वाले पदों की संख्या | स्वीकृत वेतनमान | शासनादेश संख्या तथा दिनांक जिसमें पद मूल रूप में सृजित हुआ था | शासनादेश संख्या तथा दिनांक जिसमें अन्तिम बार पद के स्थायीकरण अथवा उसके बाद की तिथि तक उसका सातत्य स्वीकृत किया गया था | अभ्युक्ति यदि कोई हो |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | उप निरीक्षक | 02 | 5500–175–9,000/– (पुराना वेतनमान) | सं0 2720 पी/छः–पु–6–2005–300 (9)/05, दिनांक 16–11–2005 | सं0 391 पी/छः–पु–6– 2013–300(9)/05, दिनांक 27 फरवरी, 2013 | |
| 2 | मुख्य आरक्षी | 04 | 3200–85–4,900/– (पुराना वेतनमान) | तदैव | तदैव | |
| 3 | सहायक परिचालक | 02 | 3200–85–4,900/– (पुराना वेतनमान) | तदैव | तदैव | |
| | | कुल=08 | | | | |

(सुशील कुमार पाण्डेय)
उप सचिव
गृह विभाग, उ0प्र0 शासन।